Ans. (b) – दिलवाड़ा का जैन मंदिर राजस्थान के माउंट आबू में भीम-I के द्वारा बनवाया गया था। इस प्रमुख मंदिर में कुल पांच मंदिरों के समूह शामिल हैं, जो निम्न हैं-
(1) विमल वसही मंदिर
(2) लूना वसही मंदिर
(3) पित्तलहार मंदिर
(4) पार्श्वनाथ मंदिर
(5) महावीर स्वामी मंदिर

1014. करणी माता का प्रसिद्ध मंदिर किस स्थल पर स्थित है?
(a) नागदा (b) देशनोक
(c) धुलेव (d) बालोतरा
RPSC OAA-2018 Ag. Deptt (Part-1) 17-10-2022

Ans. (b) : करणी माता का प्रसिद्ध मंदिर बीकानेर के देशनोक में स्थित है। करणी माता राठौर राजवंश की कुल देवी है। यह स्थान सफेद चूहों के लिए प्रसिद्ध है।

1015. परमार राजाओं द्वारा निर्मित मंदिरों के लिए प्रसिद्ध अर्थूणा (अर्थपूर्णा) नगर राजस्थान के किस जिले में स्थित है?
(a) बाँसवाड़ा (b) प्रतापगढ़
(c) उदयपुर (d) डूंगरपुर
RPSC OAA-2018 Ag. Deptt (Part-1) 17-10-2022

Ans. (a) : परमार राजाओं द्वारा 11वीं–12वीं शताब्दी में निर्मित मंदिरों के लिए प्रसिद्ध अर्थूणा (अर्थपूर्णा) नगर राजस्थान के बांसवाड़ा जिले में स्थित है।

1016. मल्लीनाथजी का मंदिर .... में स्थित है।
(a) तिलवाड़ा (b) कोलू
(c) जायल (d) खड़नाल
वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 date 06.11.2020 Shift-I

Ans. (a) : मल्लीनाथ जी का मंदिर तिलवाड़ा (बाड़मेर) में स्थित है। यहाँ राव मल्लीनाथ ने चिर समाधि ली थी। इस स्थान पर प्रतिवर्ष चैत्र मास में 15 दिन का विशाल पशु मेला लगता है। मल्लिनाथ जी का जन्म 1358 ई. को बाड़मेर जिले के सिवाणा के गोपड़ी गाँव में हुआ था।

1017. प्रसिद्ध कुम्भश्याम मंदिर कहाँ स्थित है?
(a) चित्तौड़ (b) आमेर
(c) मण्डोर (d) कुम्भलगढ़
कनिष्ठ अनुदेशक परीक्षा-2018
वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 date 06.11.2020 Shift-I

Ans. (a) : प्रसिद्ध कुम्भश्याम मंदिर चित्तौड़ में स्थित है। कुम्भश्याम मंदिर विष्णु को समर्पित है, जो यहाँ वराह अवतार में पूजे जाते हैं। इस मंदिर का निर्माण महाराणा कुंभा द्वारा 1449 ई. में कराया गया था।

1018. झालवाड़ के सूर्य मंदिर को .... के रूप में भी जाना जाता है।
(a) सात सहेलियों का मंदिर
(b) सास बहू मंदिर
(c) कुंवारी कन्या और रसिया का मंदिर
(d) चारमुख मंदिर
RPSC Van Rakshat Exam 13.11.2020 Shift-II

Ans. (a) : झालावाड़ का सूर्य मंदिर सात सहेलियों का मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। इस मंदिर से प्राप्त शिलालेखों के अनुसार इसका निर्माण 10वीं शताब्दी में नागभट्ट द्वितीय द्वारा कराया गया था। इसके अन्य नाम पद्मनाथजी मंदिर हैं। इसकी मुख्य विशेषता सप्तरथ शैली है।

1019. झालरापाटन (झालावाड़) का सूर्य मन्दिर निर्मित किया गया था-
(a) अर्णोराज द्वारा (b) नागभट्ट - II द्वारा
(c) बप्पा रावल द्वारा (d) पृथ्वीराज- II द्वारा
कृषि पर्यवेक्षक -2021

Ans. (b) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

1020. झालरापाटन के सूर्यमन्दिर की मुख्य विशेषता क्या है?
(a) आदिरथ (b) अष्टभद्र
(c) सप्तरथ (d) अष्टशाल
कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) संयुक्त भर्ती परीक्षा-2020

Ans. (c) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

1021. निम्नलिखित में से कौन सा प्रसिद्ध मंदिर जयपुर जिले में नहीं है?
(a) सात सहेली मंन्दिर (b) ताडकेश्वर मन्दिर
(c) गलता तीर्थ (d) जगत शिरोमणि मन्दिर
अन्वेषक सीधी भर्ती परीक्षा 2019 (Ex. Dt. 27-12-2020)

Ans. (a) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

1022. 'मूछला महावीर' मन्दिर स्थित है-
(a) मेनाल (b) घाणेराव
(c) नाकोड़ा (d) किराडू
RPSC वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 दिनांक 13-11-2022
Live Stock Asst. (TSP Area) 16/10/2016

Ans. (b) : 'मूछला महावीर' मन्दिर पाली जिले में घाणेराव से लगभग 6किमी दूरी पर स्थित है। यह जैन मन्दिर है जो अरावली पर्वत से घिरा है। इस मन्दिर में महावीर की मूछ वाली प्रतिमा स्थापित की गई है। इस कारण इस मन्दिर को मूछाला महावीर मन्दिर कहा जाता है।

1023. रणकपुर के जैन मंदिर का शिल्पी कौन था?
(a) मण्डन (b) दीपा
(c) वास्तुपाल (d) नापा
RPSC Van Rakshak Exam 11.12.2022 Shift-I
कनिष्ठ अनुदेश भर्ती परीक्षा-23/12/2019
जूनियर इंजी. नॉन-टीएसपी-2015

Ans. (b) : रणकपुर जैन मंदिर (पाली) अपनी आध्यात्मिकता व अद्भुत शिल्प कला हेतु प्रसिद्ध है। कुंभा के शासनकाल में धरणशाह नामक जैन व्यापारी द्वारा शिल्पकार 'देपाक' के निर्देशन में बनवाया। यह मंदिर प्रथम जैन तीर्थंकर आदिनाथ (ऋषभनाथ) को समर्पित हैं। इस मंदिर को खम्भों का अजायबघर कहतें है।

1024. किस मंदिर को खंभों का अजायबघर भी कहा जाता है?
(a) सोमेश्वर मंदिर, किराडू
(b) जैन मंदिर, देलवाड़ा
(c) जैन मंदिर, रणकपुर
(d) कीर्ति स्तंभ, चित्तौड़
Lab Asst. (Science) (II Step) 29.06.2022 Shift-I

Ans. (c) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।